JET16-5-HI

जब दर्द हो तब परमेश्वर कहाँ होता है? प्रोग्राम 5

अनाऊंसर: आज द जॉन एन्करबर्ग शो में, जीवन सरप्राइज से भरा होता है, एक दिन शायद अद्भुत हो और दुसरे दिन डॉक्टर आपको जिन्दगी खत्म करनेवाली बीमारी की खबर दे, एक्सीडेंट, प्राकृतिक विपदाए, अपराध, अपाहिज होना, जो पल भर में हमारे जीवन को बदल देगा, जब ऐसा होता है तो लोग पूछते हैं जब जीवन में इतना दर्द है तो परमेश्वर कहाँ है? ऐसे लोग सच्चे लोगों से जवाब पाना चाहते हैं, जिन्होंने उनके जितना या उनसे भी ज्यादा दू:ख सहा है, और आज आप ऐसे दो लोगों से सुनेंगे/

जॉनी इरिक्सन टाडा का 17 साल की उम्र डायविंग एक्सीडेंट में स्पाय्नल कार्ड टूट गई, जिससे ये क्वाटरप्लिजिक हुई, ये पिछले 50 साल से विहिल चेअर पर बैठी हैं, और उससे भी बढकर इन्हें ब्रेस्ट कैंसर हुआ, हरदिन बहुत दर्द सहती जाती हैं, डॉ. माइकल इसली मुड़ी बाइबल इंस्टीट्यूट के प्रेसिडेंट थे, इन्होने भयानक पीठ का दर्द महसूस करने पर रिजाईन किया, इनकी परेशनी से पीड़ादायक ऑपरेशन हुए, डॉक्टर ने इनकी सारी डिस्क निकाल दी और इनकी जान बचाने के लिए सारी हड्डियाँ इनकी स्पयनल कॉलम से जोड़ दी, अब ये लीड पास्टर हैं, फेलोशीप बाइबल चर्च, ब्रेंटवुड टेनसी में/ लेकिन हर दिन बहुत दर्द के साथ जी रहे हैं, ये दोनों जवाब देंगे आज के विषय पर कि जब जीवन में दर्द होता है तो परमेश्वर कहाँ हैं? हमारे साथ द जॉन एन्करबर्ग शो के इस विशेष प्रोग्राम में जुड़ जाए/

****

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: प्रोग्राम में स्वागत है, मैं हूं जॉन एन्करबर्ग, हमारे साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद, आपने सुना कि दो अद्भुत मेहमान हैं, डॉ. माइकल इसली, और जॉनी इरिकसन टाडा, और आज हमारा विषय है कि जब हम निरतंर परेशानी का सामना करते हैं तब कैसे खुद को निराश और हताश होने से कैसे बचा सकते हैं? देखिए दोस्तों ये सच है, कि आप में से कुछ लोग दू:ख में हैं, कुछ बीमारी हैं, और कुछ सेटबैक्स हैं, इस सवाल को थामे रहिए, मैं इसे शुरू से बताना चाहता हूं, जब आपने पहली बार इस बुरी खबर को सुना था, और ये कुछ इस तरह से है, डॉक्टर ने कहा देखिए मुझे कीजिए मैं आपको एक बुरी खबर देने आया हूं, आपमें ए एल एस की शुरुवात हो चुकी है, या आप अंधे हो जाएगे, या मैं सोचता हूं कि आपको लकवा हो गया है, या आपको स्पाय्नल चोट लगी है, और आप अपाहिज हो जाएगे/ जॉनी और माइकल जब लोग सुनते हैं, पहली बार इस बुरी खबर को सुनते हैं, आप दोनों ने पहली बार ये खबर सुनी थी, आप उन्हें क्या करने की सलाह देते हैं?

डॉक्टर माईकल ईसली: मेरे लिए ये भ्रम जैसे था, मैं बहुत से डॉक्टर के पास गया, और अंत में एक ने डिस्क डिसीज़ का डायगनोस किया, और वो मेरी पीठ का बड़ा भाग फ्यूज करना चाहते थे, जल्दी ही याने एम आर आय, अलग किया, उनका बेड साइड मैनर सबसे अच्छा नही था, और मैं उस डॉक्टर के पास से बाहर आया, और ऐसा शब्द सुना जो जिन्दगी में कभी नही सुना था, एल 4, 5, एस 1, पोस्टीरियर और एंटीरियर ये सब नही सुना था, और मैं अपनी कर में गया और छोटे बच्चे जैसे रोया/ और कहा इसका क्या अर्थ होता है? और मेरे लिए जॉन मुझे बहुत समय लगा, लेकिन ये एक क्रिया हो गई और मैं बस अगला काम करता रहा, भविष्य में मेरे साथ होनेवाली इन सारी बातों के लिए चिन्ता नही सकता, मैं अगला काम करना चाहता हूं, निश्चय ही विश्वासी के नाते आप अपने विश्वास में आ सकते हैं, मसीही दोस्तों के पास मदत के लिए जा सकते हैं, सौभाग्यवश मेडिकल फील्ड में हमारे मसीही दोस्त हैं, और हम उनकी सलाह मांगते हैं, लेकिन कुछ भी अंत में आपको अपना वकील बनना है, आपके लिए कोई और नही कर सकता/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: जॉनी, जब आपने सारी बातों से बढकर ये सुना कि आपको कैन्सर है, उस दिन के बारे में बताइए/

जॉनी इरिकसन टाडा: जी, मेरी सहेली ने देखा कि मेरे ब्रेस्ट पर लंप है, बड़ी लम्प है, उसी सोमवार मैं रेडियोलोजिस्ट के पास गई और मेमोग्राम और अल्ट्रासाउंड किया, और डॉक्टर भीतर आए कि डरानेवाली खबर मेरे सामने पढ़े, और जब उन्होंने इसे मेरे लिए पढ़ा, मैंने कांपते हुए कहा कि आपने जो मुझे से कहा उसे मैं फिर दोहराना चाहती हूं, मैं सोचती हूं कि आपने कहा कि मुझे बड़े ट्यूमर हैं जिसके कोने ऐसे हैं जिसके बारे में संदेह कर सकते हैं, शायद ये कैन्सर हो/ और हमें ओंकोलोजिस्ट के पास जाना चाहिए, क्या ये सही है? और उन्होंने सिर हिलाया और चौक गई कि मैंने दोहराया है, लेकिन जॉन मैं जानती थी कि मैं भावनात्मक भवर में थी, यदि मैं तथ्यों को नही थामती और उसे पकड़ी न रहती, उदाहरण के लिए, कुछ भी हो ये ज्यादा समय तक नही रहा, मैंने मस्टेक्टोमी करवाई, और काफी समय तक बिस्तर पर रही, सर्जरी से चंगाई पाने में, पहले दिन मैं मेडिकल ओन्कोलोजिस्ट लैब में थी कि कोमोथेरपी पर चर्चा करूं, मेरे पति कैन और मैं वहाँ पर बैठे थे/

ओन्कोलोजिस्ट ने चार्ट बोर्ड की ओर देखकर कहा, खैर जॉनी आपको बहुत से कीमोथेरेपी के राउंड्स करने होंगे, आपको हॉस्पिटल में जाना होगा और एक पोर्ट ऑपरेशन से आपके सीने में लगाया जाएगा, आपको बहुत भारी दवाईयां दी जाएगी, ये आपकी कमजोर हड्डियों को कमजोर कर देगी, लंग इन्फेक्शन, ब्लेडर इन्फेक्शन हो, फिर उनकी नर्स ने उन्हें बुलाया और और वो बाहर गए और दरवाजा बंद किया, और मैंने केन से कहा, मैं ये नही कर सकती, मैं ये नही कर सकती,मैं ये नही कर सकती, और मैं रोते हुए अपने पति के सीने से लिपट गई, और उन्होंने मुझे कसकर पकड़ लिया/

और मुझे पता नही था कि क्या करूं, जो माइकल ने इस प्रोग्राम में कईबार बताया है, आप बस अगला काम कीजिए, मैं घर गई और मैंने अपने तिन सहेलियों को बुलाया, जो अच्छे प्रार्थना योद्धा थी, और मैंने उन्हें वही बताया जो रेडियोलॉजीस्ट ने मुझे बताया था, कि किमो स्केज्युअल कैसा होगा, और उनसे बिनती की की मुझे प्रार्थना चाहिए/

उनमे से एक सहेली ने मुझे दिखाया, दूसरा कुरिन्थियों अध्याय 1, और उन्होंने कहा, जॉनी तुम्हारे पास प्रेरित पौलुस जैसे अच्छा दोस्त है, और उसने ये फोन पर मेरे लिए पढ़ा, जहाँ पौलुस कहता है कि हम नही चाहते कि तुम हमारे उस कलेश से अनजान रहो, जो आसिया में हम पर पड़ा, हम ऐसे भारी बोझ से दब गए थे, जो हमारी सामर्थ से बाहर था, यहाँ तक कि हम जीवन से भी हाथ धो बैठे थे/ और मैंने इसके बारे में सोचा कि प्रेरित पौलुस मेरे जैसे महसूस करता था? कि इसका सामना करने के लिए मरने के लिए भी तैयार हूं, ये मृत्यु का डंख आपके दिल में होता है, लेकिन अगला वचन कहता है, दूसरा कुरिन्थियों अध्याय 1 वचन 8, ताकि हम अपना भरोसा न रखें वरन परमेश्वर का जो मरे हुओं को जिलाता है, और मैं इस वचन का दूसरा भाग नही जानती हूं, आप बताईये माइकल?

डॉक्टर माईकल ईसली: दूसरा कुरिन्थियों अध्याय 1 वचन 9 से आगे, वरन हमने अपने मन में समझ लिया था, कि हम पर मृत्यु की आज्ञा हो चुकी है, ताकि हम अपना भरोसा न रखे, वरन परमेश्वर का जो मरे हुओं को जिलाता है/ उसी ने हमें मृत्यु के ऐसे बड़े संकट से बचाया और बचाएगा और उस पर हमारी यह आशा है की वह आगे भी बचाता रहेगा/ तुम भी मिलकर प्रार्थना के द्वारा हमारी सहायता करोगे/

जॉनी इरिकसन टाडा: मुझे ये भाग पसंद है/

डॉक्टर माईकल ईसली: कि जो वरदान बहुतों के द्वारा हमें मिला उसके कारण बहुत लोग हमारी ओर से धन्यवाद करें/

जॉनी इरिकसन टाडा: जानते हैं ये यहाँ कहता है और मैंने इसे कईबार कहा है, हम इसे अकेले नही कर सकते हैं, मैं इसे अकेली नही कर सकती, मुझे बद्त चाहिए, मुझे ऐसे दोस्त चाहिए, ऐसे दोस्त जिसके बारे में माइकल ने बताया है, दूसरा कुरन्थियो अध्याय 1 जैसे/ मैं चाहती हूं कि लोग प्रार्थना दवारा मेरी मदत करें, और ओ मेरे प्रभू जैसे लोग प्रार्थना करते हैं, तो हमारी दिल खुल जाते हैं, और विश्वास बढ़ता है, अचानक हम उन बातों पर विश्वास करते हैं जिस पर विश्वास नही कर पाते थे, परमेश्वर के बारे में और हमारे बारे में, और हम आगे बढकर अगला काम कर सकते हैं, और वो अगली बात तो मसीही परिपक्वता की ओर एक बड़ा कदम होता है/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: अगली बात माइकल आपके लिए, जैसे मुझे याद है, अंत में आप इस निर्णय में आए, कि आपके पास ये सम्मानित काम है, सुंदर कैम्पस है, अद्‌भुत सेवकाई है, और आपको

छोड़ना पड़ा, याने अगला काम आसान काम नही था, आपने बड़े बदलाव लाए, आपको किसने इतनी हिम्मत दी कि आप ये बदलाव ला सके?

डॉक्टर माईकल ईसली: जानते हैं, जॉन, इस समय मैं बहुत लंबे अरसे से परेशान था, और जब मुझे ये डायग्नोस मिला कि मुझे आगे बड़ी सर्जरी करवानी होंगी, पीठ कई सर्जरी/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: और यदि इसे नही करते तो आप मर जाते/

डॉक्टर माईकल ईसली: मुझे खास चिन्ता ट ही मेरे स्पाय्नल कोलोम की उस मार्जिन के बारे में, कार एक्सीडेंट में मुझे वहां चोट लगी थी/ इससे मेरी स्पाईन में परेशानी थी, ये मुझे मार सकती थी, मैं क्वाटरप्लिजिक हो सकता था, जब मैंने ये जानकारी उस न्यूरोलॉजीस्ट से सुनी, ये मानो एक बकेट ठंडा पानी मुंह पर फेक दिया हो, उसे सहना मुश्किल था, जैसे मैंने लोगों से चर्चा की, और सिंडी और मैं मेडिकल टूर पर गए, हम पुरे देश में गए और देश के सबसे उत्तम 5 स्पाय्नल सर्जन से मिले, और उन्होंने भी यही बात कही, और जब हम शिकागो में वापस आए, मैंने सिन्डी से कहा कि ये मुश्किल निर्णय नही है, ये बड़ा निर्णय है, लेकिन ये मुश्किल निर्णय नही है, क्योंकि मेरे पास कोई पर्याय नही है, तो मेरे लिए तो ये बस एक अगली बात थी, प्रभू इसके परिणाम के लिए मन तुझ पर भरोसा रखता हूं, लेकिन सिन्डी और मैं बहुत स्पष्ट थे/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: और आपने निर्णय लिया और आप नही जानते थे कि आगे क्या होगा, और उसके साथ बहुत सी मुश्किलें जुडी हुई थी/

डॉक्टर माईकल ईसली: अवश्य ही, हमने मुश्किल समय देखा और साथ ही मधुर समय भी देखा, सिन्डी और मैं अपने जीवन के उस भाग में थे जब बच्चे स्कुल चले जाते थे, उन दिनों में हमारे तीन बच्चे घर में थे, और हम हमेशा की तरह पडौस में पैदल चलते थे, पैदल चलते थे, लगभग 40 मिनट तक, हम अनुमान लगते थे कि हमारे सामने एक सफेद मार्कर बोर्ड है, जो पूरा साफ है, परमेश्वर भविष्य में हमारा उपयोग कैसे कर सकता है? और किसी तरह का प्रिस्क्रीपशन नही लिखता, लेकिन कहिए कि परमेश्वर हमारे साथ क्या कर सकता है? हमें पता नही था, क्या हमने कुछ नुकसान किया है? क्या खत्म हुआ? क्या पूरा हुआ? प्रभू की महान करुणा में, उसने ऐसे मौके खोले जिसके बारे में सोचा भी नही था, जॉन/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: चलिए मैं आप से मुश्किल सवाल पूछता हूं, आप लोग अभी भी समय समय पर, दीवार से टकराते हैं, और निराशा में जाते हैं, आप ने बहुत से सेटबैक्स का अनुभव किया है, मतलब ऐसा था कि दिनों दिन, आपको भयानक दर्द होता था, और सबकुछ उसके उपर जमा होते चला गया, आप कैसे आगे बढ़ते गए, आप इन निरन्तर हमले को कैसे मारते रहे, और मधुर रहकर प्रभू की सेवा करते रहते हैं?

डॉक्टर माईकल ईसली: यहाँ अनुमान लगाना पड़ेगा/

जॉनी इरिकसन टाडा: ये अनुमान लगा रहे हैं, जी, जल्दी बताऊं मेरी एक सहेली हैं जिन्हें मैं तुरन्त फोन करती हूं, उनका नाम विकी ओलिवस हैं, वो क्वाटरप्लिजिक थी और लकव हुआ था, उनसे रेप की कोशिश की गई थी, रेपिस्ट ने बन्दूक निकालकर उनकी गरदन पर गोली चलाई, और फर्श पर फेक दिया, बहुत खून बहता रहा, रेपिस्ट परेशान होकर उसे कार तक खीचता चला गया, और हॉस्पिटल के एमरजेंसी रूम के फुटपाठ पर फेककर चला गया, और फिर भी ये बहन पिछले 30 साल से बहुत ही सक्रिय और आशावादी विश्वासी हैं, जब मैं निराश होती हूं तो विकी के पास जाती हूं, मैं उन्हें फोन करती, और इस बहन के पास मेरे लिए तस्सली के इतने मधुर शब्द हैं, एक दिन ऐसा हुआ कि उनकी अटेंडेंट रात को उन्हें उठाकर बेड पर लिटाने के लिए नही आ पाई, तो वो अपनी विहिल चेअर पर सो गई, ओ मेरे प्रभू, वो विहिल चेअर पर ही सो गई, तो मेरे पास शिकायत करने के लिए क्या है?

जब मैंने उन्हें मुझ से ये कहते हुए सुना, कि कैसे प्रभू का अनुग्रह उन्हें थामे हैं, फोन पर उनके ऐसे मधुर शब्द सुनना, “एक दिन बीतना जॉनी, एक दिन स्वर्ग के निकट जाना है, आइए बने रहे, आइए प्रभू यीशु को शर्मिन्दा न करे, उसकी ओर अपनी पीठ करने के द्वारा/ हम आगे बढ़ते जाए, जैसे माइकल ने कहा, अगला काम करते जाए, और उस दृष्टिकोण को सुनने से ही मुझे प्रोत्साहन मिलता है, और निराशा भाग जाती है, क्योंकि फिर से मैं अपने से बाहर निकलकर उसके पास जाती हूं, जो वहां है, और समझता है और वो मेरे लिए प्रार्थना करते हैं/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: माइकल आपने इन निराशाओं का अनुभव किया है, ये, ऐसा है कि आप इससे लड़ नही सकते हैं, मतलब आप इतने दर्द में हैं, कि बोल नही पाते/ ठीक है, तो आप अपने बेसमेन्ट रूम में जाते हैं, और जब आप वहां जाते हैं तो क्या करते हैं?

डॉक्टर माईकल ईसली: जी, याने हम खुद को हटाकर नीचे जा सकते हैं, मेरे पीठ की चौथी सर्जरी के पहले मैं ट्विन मैटरेस पर 45 डिग्री के एंगल में दिन में 23 ½ घन्टे लेता करता था, मैं सच में कारपेट पर रेंगकर रेस्ट रूम में जाता था, रेंगकर वापस आता, सिन्डी मेरे छोटे पैलेट बदलती, और मैं 3-4 हफ्ते तक राह देखता, अगली सर्जरी होने से पहले/ और वहां अँधेरा होता, मैं खुश नही था, मैं इसे पढ़ता लेकिन मेरे महसूसीकरण पर फर्क नही पड़ता, और मैं अपने बारे में और मनुष्य की दशा के बारे में जानता, मैं खुद को नही मारूंगा क्योंकि मैं अभी निराश हूं, लेकिन भविष्य में कुछ आशा है/

याकूब का ये वचन जिसे हम सब मिसकोट करते हैं, हे मेरे भाइयों, जब तुम नाना प्रकार की परीक्षाओं में पड़ो तो इसको पूरे आनंद की बात समझो, यह जानकर कि तुम्हारे विश्वास के परखे जाने से धीरज उत्पन्न होता है, पर धीरज को अपना पूरा काम करने दो कि तुम पूरे और सिद्ध हो जाओ, और तुम में किसी बात की घटी न रहे/ तो इसका ये अर्थ नही कि जब मैं भयानक दर्द में होता हूं तो खुश हो जाऊं, याकूब कहता है कि इसे आनंद की बात समझो, धीरज रखो, क्योंकि धीरज बाद में आप पर प्रभाव डालेगा, और मैं पीछे मुडकर देखता और कहता कि प्रभू

की करुणा से मैंने वो 3-4 हफ्ते अपनी पीठ पर बिताए हैं, प्रभू की करुणा से आप लगभग 2 साल तक स्ट्रायकर फ्रेम पर बनी रही, प्रभू की करुणा से, और ये आपको हिम्मत देता है कि आप आगे देखकर कह सके, ये पहली परेशानी नही और प्रभू दया करेगा, मेरा चुनाव ये है कि क्या मैं बना रहूँगा और अगला काम करूँगा, अच्छा रहना चाहूँगा/

मुझे सुपर आत्मिक होने की जरूरत नही, मैं नही हूं जॉन, लेकिन जैसे जॉनी ने कहा वैसे ही मेरे 6 दोस्त हैं जो मेरे भाइयों से ज्यादा करीब हैं, और जब मैं उन अँधेरे की जगह पर रहता हूं तो ये लोग मुझ से बातें करते हैं, उनमे से एक कहते हैं, तुम्हें आत्मिक डोप स्लैप चाहिए, तो दूसरे जानते हैं कि मुझे कब प्रोत्साहित करें, वो मेरे प्राण को जानते हैं, मेरे भेदों को जानते हैं, मुझ से प्यार करते हैं, वो वहां होते हैं जब मैं कमजोर होता हूं, और सब खुद करने के लिए निराश होता हूं/

इस थोड़े समय का दृष्टिकोण अद्भुत है, दूसरे विश्वासियों से प्रोत्साहित हो, लोग ये जानते हैं कि आप दर्द में हैं, वो पूरी तरह से आपके दर्द की संगती को नही समझ सकते हैं, लेकिन जानते हैं कि आप दर्द में हैं, और जॉनी ने बहुत अच्छे से बताया है और मैं कहूँगा कि ऐसे दोस्त हो जो भाई से ज्यादा करीब हो/ जो प्यार में आपसे सच्चाई कहेंगे, मेरे साथ ऐसे 4-5 दोस्त हैं, जिन्हें यदि आज बुलाऊ, कि आज दोपहर मेरे घर आए या जैसे ही फ्लाईट पहुंचती हैं, वो वहां मेरे लिए होंगे/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: माइकल, मैं चाहता हूं कि इन लोगों से बातें कीजिए जो अंत में पहुंच रहे हैं, ठीक है? मैं चाहता हूं कि वो निश्चित रूप में जाने, कि स्वर्ग जीवितों का देश है, और मैं नही चाहता कि वो उसे चुक जाए, ठीक है? ये सबसे उत्तम नही है, मैं सबसे उत्तम में जा रहे हैं, यदि हम प्रभू यीशु को जानते हैं, मैं जानता हूं कि अभी बहुत से लोग जो दर्शक हैं, वो प्रभू यीशु को व्यक्तिगत रूप में नही जानते हैं, माइकल मैं चाहता हूं कि आप स्पष्ट रूप में बताए, कि वो कैसे प्रभू यीशु को व्यक्तिगत रूप में जान सकते हैं? और मरने के बाद वो स्वर्ग में जाएगे/

डॉक्टर माईकल ईसली: इसे बताने के बहुत से तरीके हैं, जॉन, लेकिन पौलुस रोमियों 3:23 में जो कहता हैं वो मुझे पसंद है, क्योंकि सब ने पाप किया और परमेश्वर की महिमा से रहित हैं, हम मानते हैं कि परमेश्वर सिद्ध और पूरा पवित्र है, हम उसके स्वरूप में बनाए गए हैं वो हम में से हरएक को जानता है, करीबी रूप में वो हम से प्रेम करता है, तो चाहे हम कितने भी अच्छे हैं तो भी रहित होंगे, यदि आप मुझे बेसबॉल दे और मैं बेसबॉल लेकर कहूँ कि इसे वाशिंगटन डी सी तक पहुंचाउंगा, आप इसे मुझ तक फेंके और मैं इसे आप तक फेकू, लेकिन फिर भी चेट्नुगा टेनसी से वाशिंगटन तक नही मार पाएगे/

ये कम होगा, अब पाप की दशा के बारे में जो पौलुस रोमियों 6:23 में कहता है, पाप की मजदूरी मृत्य है, याने हमें ये मजदूरी मिलेगी, हमारी कमाई होंगी, बहुत से लोग अपनी कमाई का तरीका रखते हैं, हम जो कमाते हैं शायद वो काफी न हो, लेकिन थियोलोजी में हम मृत्यु

कमाते हैं, क्योंकि हम रहित हैं, क्योंकि हम पापी हैं, तो परिणाम हैं कि हम मृत्यु कमाते हैं, फिर रोमियों 5:8 जो मुख्य वचन है, सच में मार्टिन लूथर इस वचन पर आकर्षित हुए, कैथलिक प्रिस्ट के रूप में, क्योंकि परमेश्वर ने अपने प्रेम की भलाई हम पर इस तरह प्रकट की कि जब हम पापी ही थे, मसीह हमारे लिए मरा, ये अद्भुत रूप में जगाता है, इससे बढकर प्रेम का कोई प्रगटीकरण नही कि हम तो पाप की दशा में थे/

याने अक्सर धार्मिक सिस्टम में, चर्च में और डीनोमीनेशन पृष्ठभूमि में, अलग आस्थाओं और विचारों में, हमें सोचना हैं कि हमें अच्छा होना है, हमें बुराई के बदलेभलाई करनी हैं, अब इस केस में, उसने दिखाया कि हम से कितना प्यार किया है, उसने मसीह को मरने के लिए भेजा, इसके पहले कि हम समझ सके कि वो कौन है, और उस यात्रा में कही हमने उससे मुलाक़ात की है, और प्रेम का वो प्रगटीकरण जिवित होता है/

बाद में पौलुस इफिसुस के विश्वासियों को पत्र लिखकर कहता है, क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है, और यह तुम्हारी ओर से नही, वरन परमेश्वर का दान है, और न कामों के कारण, ऐसा न हो कि कोई घमण्ड करे, याने चाहे हम कितने भी अच्छे हो, हम उसका प्रेम कमा नही सकते, ये अद्भुत वरदान जिसे उद्धार कहते हैं, ये वरदान हैं जिसे हम विश्वास से लेते हैं, जब कोई भेंट देता है तो हम अपना चेक नही निकालते, क्योंकि उसका दाम नही दे सकते हैं, हम धन्यवाद देकर उसे लेते और उसे स्वीकार करते हैं, याने हम सब पापी हैं, क्योंकि हम पाप करते हैं, इसलिए परमेश्वर की महिमा से रहित हैं, हम मृत्यु के लायक हैं, हम उससे दूर होने के लायक है, वो हमसे प्यार करता है, वो हमारी जगह पर मरा, हमारे बदले में, और केवल मसीह पर विश्वास करने से, हम अनंत जीवन और पापों की क्षमा प्राप्त करते हैं/

मुझे क्रुसीकरण का चित्र पसंद है, जहाँ दो चोर क्रूस पर चढाए गए, उन्होंने क्या किया हमें पता नही लेकिन उनका अपराध ऐसा था जिससे मृत्युदण्ड मिला, याने मसीह के साथ वो क्रूस पर चढाए गए, एक दोष लगाता है कि यदि तू परमेश्वर का पुत्र है तो कुछ कर, हमें बचा, खुद को बचा और हमें भी बचा, और दूसरा बीच में कहकर उसे डांटता है, इसने कुछ गलत नही किया, हम इसके लायक हैं, जब तू अपने राज्य में आए तो मुझे स्मरण रखना/

जॉन, मैं सोचता हूं कि ये पूरी मानवता है, हम अपनी उंगली उठाकर प्रभू से कहते हैं, कि मेरे पैराप्लिजिक परिस्थिति के लिए कुछ कर/ मेरे भयानक दर्द के लिए कुछ कर, मेरी बीमारी के लिए कुछ कर, मेरी समस्या के लिए कुछ कर, मेरे पति या पत्नी के लिए कुछ कर, या हम कहेंगे क्या तू मुझे स्मरण करेगा? इस पापी की जो प्रार्थना है, जो कहता है कि मैं किसी के लायक नही हूं, और ये प्रभू के दिल को छू लेता है, हम कह सकते हैं कि ये उसे भाता है, वो सिद्ध लोगों को नही ढूढता है, वो पापियों को ढूढता है, जो अपने पाप को मानते, अपनी जरूरत को जानते, और मसीह और केवल मसीह पर भरोसा रखते हैं, और सबसे महान वरदान देता है जो पा सकते हैं, अनंतजीवन/

इसका कोई नुकसान नही है, इतने साल से आप बता रहे हैं, जॉनी बता रही है, मैं बता रहा हूं, मैं नुकसान नही देखता, अपने उद्धार के लिए मसीह और केवल मसीह पर विश्वास करना, घमण्ड को दूर करें, अपनी समस्या दूर करें, अपनी चिन्ता और सबकुछ दूर करें, वो आप से प्यार करता है, वो आपको जगह मरा, आपके बदले में वो मरा, वो आपको मुफ्त का वरदान देता है, पापों को क्षमा करता है, आप उस गंदगी से निकलते हैं, आप मृत्यु की ओर से निकलकर अनंतजीवन में आते हैं, और वो आपको ऐसी जगह ले जाएगा और सबकुछ देगा, जिसे आपने पहले कभी नही समझा है, अद्‌भुत संबंध में होंगे उस प्रेमी परमेश्वर के साथ, जिसने अपने पुत्र को हमारे लिए मरने के लिए भेजा है/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: ठीक है, मैं चाहता हूं कि आप प्रार्थना में दर्शकों की अगुवाई कीजिए, यदि ये मसीह के साथ इस व्यक्तिगत संबंध को शुरू करना चाहते हैं, और परमेश्वर नीचे झांककर इन्हें देखेगा और उद्धार देगा, तो माइकल प्रार्थना में हमारी अगुवाई कीजिए/

डॉक्टर माईकल ईसली: पिता, इस प्रोग्राम को सुनने और देखनेवाले सब लोग चाहे किसी भी रूप में इसे पा रहे हैं, ये जानते कि तू इनसे प्यार करता है, तू इनकी परवाह करता है, चाहे ये कितने भी निराश हो, क्रोधित हो, डरे हुए या तिरस्कार से भरे हो, तू इन्हें जानने दे कि तू इनसे प्यार करता है, और केवल विश्वास से, और तुझ पर भरोसा रखने के द्वारा, मसीह और केवल मसीह पर भरोसा रखने से, तू इन्हें पापों की क्षमा और अनंतजीवन की प्रतिज्ञा करता है, तू मरने के लिए जन्म कि हम जी सके, और हमें केवल उसे गले लगाना है/

पिता, मैं तुझ पर विश्वास करता हूं, मानता हूं कि मैं एक पापी हूं, मैं किसी के लायक नही, परन्तु तेरी करुणा में, तू मेरी जगह पर आया, मेरे बदले में आया, मेरी जगह पर तू मेरे लिए मरा, कि बताए कि मुझ से कितना प्यार करता है, कि मेरे लिए मार्ग बनाए, कि केवल मेरी शारीरिक समस्या को हल ही न करे लेकिन मेरी आत्मिक परिस्थिति को भी, तो अब मैं तुझ पर भरोसा करता हूं, तुझ पर विश्वास करता हूं, मसीह यीशु में विश्वास करता हूं, कि मेरे लिए वो करे जो मैं खुद के लिए नही कर सकता हूं/ मेरी प्रार्थना सुनने के लिए धन्यवाद/ मुझे उद्धार का ये मुफ्त वरदान देने के लिए धन्यवाद, अनंत जीवन के लिए, और अब हमारी मदत कर की हम अनुग्रह और इस ज्ञान में बढ़ते जाए और मसीह को जाने, यीशु के नाम में प्रार्थना करते हैं, आमीन/

डॉ. जॉन एन्करबर्ग: दोस्तों, जब मैंने पहली बार ये प्रार्थना की थी, एक भाई ने कहा, बाइबल के इस वचन को देखिए, रोमियों अध्याय 10 वचन 13 से, और मैंने वचन पढ़ा, जो भी, उन्होंने कहा कि इसका क्या अर्थ है, मैंने कहा इसका अर्थ सब लोग हैं, उसका अर्थ मैं हूं, जो भी प्रभू के नाम को पुकारेगा, आपने अभी जो किया, आपने प्रार्थना कर प्रभू के नाम को पुकारा है, देखिए अंतिम शब्द क्या जब आप ऐसा करेंगे तो परमेश्वर क्या कहता है कि वो क्या करेगा, जो भी प्रभू के नाम को पुकारेगा वो उद्धार पाएगा, ये आप से परमेश्वर की प्रतिज्ञा हैं, रोमियों 10:13 से/

ये अद्भुत सिरीज़ रही है, जॉनी और माइकल, आप यहाँ आए, मुझे ख़ुशी हुई, लोगों को आपसे सुनना पसंद आया, आपने बहुत से महत्वपूर्ण सवालों का जवाब दिया, बहुत से लोगों को प्रोत्साहित किया, और मैं कहूँगा यहाँ आने के लिए धन्यवाद, यहाँ आने के लिए आपने यात्रा में बहुत दर्द सहा हैं/ और मैं इसकी सराहना करता हूं/

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाऊनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ाो एप

"घ्द्धठ्ठन्न् द्यद्द ठ्ठड़ड़्ढद्रद्य ख्ड़ढद्मद्वद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ऋद्मण्द्ध्र.द्दद्धढ़

@JAshow.org

क्द्दद्रन्द्धत्ढ़ण्द्य 2012 ऋच्ङक्ष्